23.10.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

○ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल रोज़गार मेले में 51 हज़ार से ज़्यादा उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे।

○ बारां जिले की अंता विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए भरे गये नामांकन पत्रों की जांच में एक पर्चा रद्द।

○ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने त्योहारी सीज़न के दौरान चलने वाली विशेष ट्रेनों की स्थिति की समीक्षा की–भीड़ की निगरानी और प्रबंधन के लिए वॉर रूम की स्थापना।

○ राजस्थान ने राष्ट्रीय पोषण माह में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देशभर में दूसरा स्थान हासिल किया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 51 हज़ार से ज़्यादा अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से देशभर में 40 स्थानों पर ये कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री इस मौके पर नव नियुक्त युवाओं को संबोधित भी करेंगे। विभिन्न राज्यों में होने वाले कार्यक्रमों में केन्द्रीय मंत्री मौजूद रहेंगे। राजस्थान में रोज़गार मेला कार्यक्रम प्रमुख शहरों में आयोजित होगा। जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी मुख्य अतिथि होंगे। इस मेले का आयोजन भारतीय डाक विभाग राजस्थान परिमंडल द्वारा किया जा रहा है।

000

बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी उर्मिला जैन भाया का नामांकन पत्र रद्द हो गया है। रिटर्निंग अधिकारी की अनुसार अब चुनाव मैदान में कुल बीस उम्मीदवार शेष बचे हैं। रिटर्निंग अधिकारी हवाई सिंह यादव ने बताया कि उर्मिला जैन ने कांग्रेस के मुख्य प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया के विकल्प के तौर पर नामांकन भरा था। नामांकन में केवल एक ही प्रस्तावक होने के कारण उनका पर्चा रद्द किया गया है, क्योंकि निर्दलीय प्रत्याशी के लिए भी दस प्रस्तावकों की आवश्यकता होती है। प्रमोद जैन भाया कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी हैं।

000

बैंकिंग कानून संशोधन अधिनियम के तहत नामांकन से संबंधित प्रमुख प्रावधान अगले महीने की पहली तारीख से लागू होंगे। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ये प्रावधान जमाकर्ताओं को अपनी पसंद के अनुसार नामांकन करने की सुविधा प्रदान करेंगे, जिससे ग्राहक अधिकतम चार व्यक्तियों को नामांकित कर सकेंगे और जमाकर्ताओं और उनके नामांकित व्यक्तियों के लिए दावा निपटान को सरल बनाया जा सकेगा। इस अधिनियम का उद्देश्य बैंकिंग क्षेत्र में शासन मानकों को मजबूत करना, बैंकों द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक को रिपोर्टिंग में एकरूपता सुनिश्चित करना, जमाकर्ताओं की संख्या बढ़ाना और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में लेखा परीक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज पूर्व उपराष्ट्रपति और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भैरों सिंह शेखावत की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने आज जयपुर के विद्याधर नगर स्थित स्मृति स्थल पहुंचकर श्री शेखावत की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि स्वर्गीय शेखावत ने हमेशा राष्ट्रवाद की भावना से प्रेरित होकर देश और प्रदेश की मजबूती के लिए काम किया। उन्होंने गरीब के उत्थान और जनसेवा को अपना लक्ष्य बनाया। पंडित दीनदयाल

उपाध्याय के विचारों से प्रेरित होकर श्री शेखावत ने राजस्थान में 'अंत्योदय योजना' शुरू की, जिसके माध्यम से समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सहारा मिला और वह आगे बढ़ सका।
उन्होंने महात्मा गांधी और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों को भी आगे बढ़ाने का काम किया। पाली में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

000

नाहरगढ़ स्थित जयपुर वैक्स म्यूज़ियम में आज महावीर चक्र विजेता ब्रिगेडियर सवाई भवानी सिंह की वैक्स प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया। उनकी बेटी और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अपने पिता की प्रतिमा का लोकार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। ब्रिगेडियर सवाई भवानी सिंह की जयंती के अवसर पर हुए इस कार्यक्रम में उनकी वीरता पर एक विशेष डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि यह प्रतिमा उनके पिता के राष्ट्रसेवा और साहस के संदेश को हर व्यक्ति तक पहुंचाएगी। यह वैक्स प्रतिमा म्यूज़ियम के 'रॉयल दरबार' सेक्शन में स्थापित की गई है।

000

विश्व प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय पुष्कर पशु मेले की औपचारिक शुरुआत के साथ ही रेतीले धोरों पर रौनक बढ़ गई है। अब तक करीब साढे तीन सौ ऊंट घोड़े बिक्री के लिए लाये जा चुके हैं। पशुपालकों के लिए हेल्प डेस्क और ऑनलाइन प्लॉट बुकिंग की सुविधा शुरू की गई है, जिसमें 417 प्लॉट ऑनलाइन आवंटित किए गए हैं। हमारी अजमेर संवाददाता ने बताया कि मेले में देशी–विदेशी सैलानी भी बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

000

रेल यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली के रेल भवन स्थित वॉर रूम से त्योहारी सीज़न के दौरान चलने वाली विशेष ट्रेनों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से बातचीत की और छठ पूजा से पहले रेलवे की तैयारियों का जायजा लिया। श्री वैष्णव ने बताया कि रेलवे स्टेशनों पर त्योहारों के दौरान होने वाली भीड़ की निगरानी और प्रबंधन के लिए वॉर रूम की स्थापना की गई है।

000

रेलवे ने अगले चार दिनों में नियमित रेल सेवाओं के अलावा, औसतन तीन सौ स्पेशल ट्रेनों के साथ डेढ़ हजार ट्रेन्स की विशेष व्यवस्था की है।

000

प्रदेश के कई जिलों में आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियां ज़ोरों पर शुरू हो गई हैं। सूर्य उपासना के इस पर्व को लेकर छठ घाटों की साफ–सफाई और सजावट का काम तेज़ी से चल रहा है। इसी कड़ी में, पाली में भी बिहारी छठ घाट को अंतिम रूप दिया जा रहा है।
बिहारी घाट सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि छठ पूजा के लिए बिहारी समाज और नगर निगम मिलकर घाट की साफ–सफाई और व्यवस्था में जुटे हैं।

000

भाई–बहन के अटूट विश्वास और समर्पण का प्रतीक, भाईदूज का पर्व आज पारम्परिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए भाई–बहन के रिश्ते को और मजबूत बनाने की कामना की। वहीं, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी प्रदेश वासियों को भाई दूज की बधाई दी है।
राज्य में बहनें अपने भाइयों के मस्तक पर रोली–अक्षत से तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और सुख–समृद्धि की कामना कर रही हैं। सवाईमाधोपुर, पाली, अजमेर और बाड़मेर सहित ब्रज क्षेत्र भरतपुर में यह पर्व पारम्परिक श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। बदले में भाई अपनी बहनों को स्नेह स्वरूप उपहार दे रहे हैं। भरतपुर केंद्रीय कारागार में कैदियों

की बहनों ने उनके माथे पर तिलक लगाकर मंगल कामना की। इस पर्व के चलते करौली सहित कई जिलों में बसों और रेलगाड़ियों में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली।

000

दीपावली पर्व पर लंबी छुट्टियों के चलते सवाईमाधोपुर स्थित विश्व प्रसिद्ध रणथम्भौर नेशनल पार्क में इन दिनों सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। देश के कोने–कोने से आए पर्यटकों की वजह से रणथम्भौर में ज़बरदस्त रौनक बनी हुई है।

पर्यटकों की बंपर आवक से स्थानीय पर्यटन व्यवसायी भी खासे उत्साहित हैं। सफारी बुकिंग से लेकर होटलों तक, पर्यटन से जुड़े हर व्यवसाय में तेजी आई है, जिससे कारोबारियों के चेहरे खिल उठे हैं।

000

राजस्थान ने राष्ट्रीय पोषण माह में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देशभर में दूसरा स्थान हासिल किया है। उपमुख्यमंत्री और महिला तथा बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने इस सफलता पर अपने विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है।

शासन सचिव महेंद्र सोनी ने बताया कि राज्य ने निर्धारित 81 लाख के लक्ष्य के मुकाबले 88 लाख से अधिक उपलब्धियाँ हासिल कीं। इस तरह राजस्थान ने लक्ष्य से 14 प्रतिशत अधिक सफलता प्राप्त की। वहीं, गुजरात पहले स्थान पर रहा। राष्ट्रीय पोषण माह में 'वोकल फॉर लोकल', मोटापे का समाधान, और चीनी–तेल का कम इस्तेमाल करने जैसे विषयों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। इस शानदार प्रदर्शन के साथ राजस्थान ने 'सुपोषित भारत, स्वस्थ भारत' के लक्ष्य की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। इससे पहले राजस्थान, राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में देश में पहले स्थान पर रहा था।

000

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि "राष्ट्र के लिए विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास शिक्षा के मंदिरों में ही संभव है।" उन्होंने बालोतरा जिले के सिणधरी में एक कार्यक्रम में कहा कि राज्य सरकार शिक्षा को संस्कारों से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

000